तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 16 जुलाई 2025

13 युवा अपने कौशल में निखार लाकर छुएं सफलता के आयाम



13 नहीं होने दिया जाए कोई भी अवैध कब्जाः एसडीएम



## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला करने पर दो के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव संडील में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर अलेवा थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव संडील निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही कुलदीप के साथ कहासुनी हो गई थी। जिस पर कुलदीप ने जयपाल के साथ मिल कर उसे रास्ते मे घेर लिया था।

### गाड़ी से लैपटाप और अन्य सामान चुराया

**कैथल।** कैथल के गांव हरिगढ़ किंगन के निकट से बाइक सवार युवा एक गाड़ी से लैपटॉप व अन्य सामान चुरा कर ले गए। इस संबंध में कल्याण नगर कुरूक्षेत्र के देवेंद्र कुमार ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 जुलाई को वह अपनी गाड़ी को हरिगढ़ किंगण के पास खड़ा कर किसी काम से चला गया था।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव दरियावाला से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव दरियावाला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 12 जुलाई को उसकी 38 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा।

### शादी का झांसा देकर युवती को भगाया, केस

**कैथल।** राजोंद पुलिस ने एक लड़की को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राजौंद पुलिस थाना के तहत आने वाले क्षेत्र के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 11 जुलाई को मनी नामक युवक ने गांव किठाना से उसकी 20 साल की बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला फुसला कर भगा ले गया।

### दिग्विजय चौटाला उचाना में आज

**उचाना।** जजपा के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला 16 जुलाई को जींद जिले के तीन हलकों के दौरे करेंगे। जिलाध्यक्ष जोरा सिंह डूमरखां ने बताया कि दिग्विजय चौटाला प्रदेश भर में युवा जोड़ो अभियान के तहत दौरे कर रहे है। निरंतर उनके कार्यक्रमों में भीड़ उमड़ रही है। जींद जिले के नरवानाए सफीदों उचाना हलके के दौरे करेंगे।

### विवाहिता बिना बताए लापता, मामला दर्ज

**कैथल।** कस्बा राजौंद से एक विवाहिता का बिना बताए घर से लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। राजौंद के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि कस्बा से उसकी 24 वर्षीय पुत्र वधू 13 जुलाई को शाम करीब 4:00 बजे बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

### वीडियो वायरल करने की धमकी देने पर मामला दर्ज

**जींद।** युवती की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने तथा पीछा करने पर अलेवा थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अलेवा थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ही मंदीप ने उसकी बेटी के निजी क्षण की अश्लील फोटो बना ली।

### अपहरण के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** अपहरण व दुष्कर्म मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एसआई बलजीत सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी खुराना रोड निवासी सुरेश को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कैथल निवासी एक महिला की शिकायत अनुसार वह 12 की शाम चीका रोड की तरफ जा रही थी।

## सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस रहेगी सजग, कावड़ शिविरों की होगी जांच

# कावड़ यात्रा को लेकर जींद-कैथल जिला प्रशासन सतर्क

### कांवड़ में डीजे लाउड स्पीकर का प्रयोग सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशानुसार करें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

11 जुलाई शुक्रवार से सावन माह की शुरूआत हो गई है। ऐसे में शिवभक्त कावड़ लेकर हरिद्वार की तरफ रवाना होना शुरू हो गए हैं। कावड़ यात्रा को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। कावड़ यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, कावडियों की सुरक्षा एवं आमजन के सुरक्षित आवागमन के लिए सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, शिविरों के लिए उचित स्थान निर्धारित करने जैसे कार्यों की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। एसपी कुलदीप सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा को निर्बाध तरीके से पूर्ण करवाने को लेकर सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाए। कांवड यात्रा के दौरान कांवड यात्रियों हेतु दिशा-निर्देशः पैदल कांवड़ यात्री यात्रा के लिये कांवड़ पटरी (नहर पटरी) का ही प्रयोग करें। कांवड़ यात्री अपना पहचान पत्र, डीएल, आधार कार्ड अवश्य साथ रखें। यात्री अपना वाहन निर्धारित पार्किंगों में ही खड़ा करें। जेब कतरों, उठाईगिरों एवं जहरखुरानी गिरोह से सावधान रहें। वाहन में बैठे कावड़ यात्रियों की सूची एवं यात्रा का विवरण अपने वाहन में अवश्य लगाएं। निर्धारित घाटों पर ही स्नान करें गहरे पानी में स्नान करने पर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। अजनबी व्यक्तियों से किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री न लेकर खाएं। कांवड़ यात्रा के दौरान अपनी कांवड़ को बीच सड़क पर ना रख कर निर्धारित स्थन पर ही रखें। कांवड़ यात्रा के दौरान रात्रि विश्राम सड़क पर न कर केवल शिविरों या रैन बसेरो में ही करें। कांवड़िए इन बातों का रखें ध्यानः कांवड़ यात्रा के दौरान नशीले, मादक पदार्थों का सेवन न करें। कावड़िये अपने साथ हॉकी, बेसबाल, तलवार, नुकीले भाले, लाठी, डंडे आदि लेकर न आएं। कांवड़ यात्रा में जुगाड़ वाहनों का प्रयोग न करें। पैदल कांवड़ की ऊंचाई सात फीट एवं झांकी की ऊंचाई 10 फीट से अधिक न रखें। डीजी की ऊंचाई भी 10 फीट से अधिक न हो। कांवड़ यात्री रेल की छतों पर यात्रा न करें। पुलों से छलांग लगा कर स्नान न करें नही तो जान माल का नुकसान हो सकता है। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और ना ही झूठी अफवाह फैलाएं। संदिग्ध लावारिस वस्तुओं की सूचना तत्काल पुलिस को दें। हरिद्वार में धार्मिक स्थलों की मर्यादा को बनाएं रखें और प्लास्टिक और प्लास्टिक से बने उत्पादों का प्रयोग न करें। कांवड़ यात्रा के दौरान अपनी मोटरसाइकिल का साइलेंसर उतार कर न चलाएं। डीजे म्यूजिक सिस्टम को वाहन की बॉडी के बाहर न लगाएं। कांवड़ में डीजे लाउड स्पीकर आदि का प्रयोग माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशानुसार ही करें। कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थों को साथ न रखें। डीजे म्यूजिक सिस्टम की आपस में प्रतियोगिता न करें, इससे कानून व्यवस्था प्रभावित होती है।

### कावड़ के दौरान हर गतिविधि पर रखी जाएगी नजर : एसपी



**कैथल।** कांवड़ियों के लिए ड्यूटी पर तत्पर पुलिस कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

#### गाइडलाइन जारी : एसपी

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि कावड़ यात्रा को लेकर गाइडलाइन जारी की गई है। कावडिये दिशा-निर्देशों की पालना करें। लाउड स्पीकर की आवाज कम रखें। सफाई व्यवस्था का ध्यान रखें। फोटो कैप्शन

#### शिविर में हो कैमरे की व्यवस्था

कावड़ शिविरों के आयोजक कावड़ शिविरों में पुरूषों व महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय की उचित व्यवस्था करवाएं। पुलिस विभाग द्वारा कावडियों की सुरक्षा हेतू पूर्ण रूप से सभी प्रबंध किए जाएं। मुख्य मार्गों तथा अन्य मार्गों पर पुलिस कर्मियों की डयूटी लगाई गई हैं तथा कावड़ यात्रा के दौरान पुलिस विभाग पूरी तरह से सतर्कता बरते और किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था एवं शांति भंग नहीं होने दी जाए। इसके अलावा कावड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो इसके लिए दुर्घटना से बचाव व यातायात की पालना करने को लेकर नहर, सड़कों, पेट्रोल पंपों पर साइन बोर्ड लगाए जाएं।

#### शिविर सड़क मार्ग से उचित दूरी पर लगाएं

गौरतलब है कि सावन माह में हजारों की संख्या में कावड़िये कावड़ लेने के लिए हरिद्वार का रूख करते हैं। इसके अलावा पश्चिम हरियाणा, राजस्थान व अन्य क्षेत्र के श्रद्धालु हरिद्वार से जींद के रास्ते कावड़ लेकर आते है। शिव भक्तों, कावडियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने को लेकर पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। सभी शिविर सड़क मार्ग से उचित दूरी पर लगवाए जाएं। कावडियों के शिविर अन्य समुदाय के धार्मिक स्थानों से उचित दूरी पर लगाए जाएं। इसके अतिरिक्त पार्किंग व्यवस्था की भी सड़क से दूर रखी जाए ताकि यातायात व्यवस्था में कोई व्यावधान पैदा न हो और कावड़ यात्रा सुचारू रूप से चलती रहें। सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा कावडियों के लिए जगह-जगह जो शिविर लगाए जाऐंगे उनमें पुख्ता प्रबंध हों।

### कैथल में नौ नाकों पर पुलिस कर्मचारी तैनात सात पेट्रोलिंग पार्टियां तय रूट पर करेंगी गश्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

कांवड़ यात्रा को लेकर कैथल पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। एसपी आस्था मोदी ने कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए पुख्ता पुलिस प्रबंधों के निर्देश दिए हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर संपर्क करें। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि एसपी आस्था मोदी ने सभी थाना प्रभारियों और चौकी इंचार्जों को कांवड़ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और आवश्यक जानकारी जुटाने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कांवड़ लेने जाने से पहले संबंधित थाने में अपना नाम, पता और मोबाइल नंबर सहित पूरी जानकारी देने का आग्रह किया है। ऐसा करने से यात्रा के दौरान किसी भी समस्या के उत्पन्न होने पर संबंधित राज्य की पुलिस से समन्वय स्थापित कर समय पर समाधान किया जा सकेगा।

#### सुरक्षा के विशेष इंतजाम

जिले में 9 नाकों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है, 17 राइडर भी गश्त पर रहेगी तथा 7 पेट्रोलिंग पार्टियां भी निर्धारित रूटों पर गश्त करेंगी। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस विभाग पूरी तरह अलर्ट है। उन्होंने प्रमुख मार्गों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, कांवड़ यात्रा के दौरान भांग और नशा करने वाले और शोर मचाने वाले लोगों पर विशेष ध्यान रखने और यातायात बाधित न होने देने के संबंध में भी निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस का भ्रमण रहेगा। एसपी ने कहा कि यात्रा में किसी प्रकार का कोई हथियार, नुकीले भाले इत्यादी लेकर चलने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। अपना पहचान पत्र साथ लेकर जाए। ध्वनि प्रदूषण के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी किये निर्देशों की पालना करें।

#### नियमों का पालन करें

एसपी ने कहा कि कांवड़ शिविर में निर्धारित नियमों का पालन किया जाए। शिविर का पंडाल सड़क से निर्धारित दूरी व सड़क हादसों से बचाव के लिए आते समय के बाई तरफ लगाया जाए। पार्किंग व्यवस्था भी सड़क से दूर होनी चाहिए। पंडाल पर पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगवाएं और महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था करें। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था होने पर डायल 112 पर संपर्क करने के लिए कहा गया है।

## हन्नी ट्रैप में फांस ब्लैकमेल कर पचास हजार ऐंठती महिला काबू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

- सेवानिवृत कर्मी की अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप

सिविल लाइन थाना पुलिस ने रोडवेज से सेवानिवृत कर्मी को हनीट्रैप मे फांस ब्लैकमेल कर पचास हजार रुपये ऐंठती एक महिला को काबू किया है। महिला व्यक्ति की अशील वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रही थी। पुलिस ने महिला के खिलाफ ब्लैकमेल कर अवैध वसूली करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। गोहाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह रोडवेज से सेवानिवृत है। कुछ समय पहले उसका संपर्क जुलाना थाना इलाका की एक महिला से हुआ। महिला ने उसके निजी क्षणों की अशील वीडियो बना ली। जिसके बाद महिला ने वीडियो वायरल करने धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। वीडियो डिलीट करने की एवज में महिला पहले भी उससे रुपये ऐंठ चुकी है। अब फिर से महिला पचास हजार रुपये की डिमांड कर रही है। शिकायत के आधार जुलाना की तहसीलदार को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। छापेमारी की कमान सिविल लाइन थाना प्रभारी ने संभाली। संपर्क साधने पर महिला ने शिकायतकर्ता को राजकीय महिला महाविद्यालय के निकट गली मे होटल के सामने बुला लिया। शिकायतकर्ता ने जब पचास हजार रुपये महिला को थमाए तो सादे कपडों में तैनात पुलिसकर्मियो ने महिला को काबू कर लिया है।

## पैसे लेनदेन को लेकर फायरिंग, तीन गिरफ्तार

- खाना खाने के दौरान आपसी लेनदेन को लेकर हुआ था झगड़ा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

उचाना मंडी में एक युवक पर आपसी विवाद के चलते फायर करने की वारदात को अंजाम देने वाले तीनों आरोपितों को उचाना पुलिस ने 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना, साइबर सेल और सीसी टीवी कैमरों की मदद से तीनों मुख्य आरोपितों गांव खरैंटी निवासी मनोज उर्फ प्रवीन, गांव छात्तर निवासी जगबीर व गांव पडाना निवासी अनिल को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि सैलेंद्र व उसके चाचा राजकुमार व महाबीर का आपसी पैसों का लेन देन था। जिसको लेकर एक सप्ताह पूर्व गांव छात्तर में पंचायत भी हुई थी। पंचायत में सैलेंद्र और राजकुमार के बीच कहासुनी हो गई थी। इसी बात को लेकर गत 13 जुलाई को सुबह राजकुमार पंचायत लेकर सैलेंद्र के घर उचाना मंडी आया था। जहां दोनों के बीच समझौता हो गया था। रात को तीनों आए और सैलेंद्र पर फायर कर दिया। जिसमें सैलेंद्र बाल-बाल बच गया था। गांव छात्तर हाल आबाद उचाना मंडी में आढत की दुकान चलाने वाले सैलेंद्र ने उचाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार देर रात को उसका जीजा प्रवीण तथा दो अन्य व्यक्ति उसके मकान पर गाड़ी लेकर पहुंचे। तीनों ने खाना खाने की इच्छा जताई। जिस पर उसने खाना तैयार कर उन्हें परोस दिया। खाना खाने के दौरान आपसी लेनदेन को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर जगबीर के साथ आए अन्य व्यक्ति ने अपने पास मौजूद असलहा से फायर कर दिया। गोली मकान के दरवाजे में जा लगा। घटना को अंजाम देकर आरोपित गाड़ी से फरार हो गए। उचाना थाना पुलिस सैलेंद्र की शिकायत पर प्रवीण तथा दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

#### ती आरोपित गिरफ्तार



डीएसपी संजय ने बताया कि पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। जींद पुलिस द्वारा अपराध व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। इसमें पुलिस जनता का सहयोग चाहती है। किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत अपने नजदीकी थाना या 112 नंबर पर दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## निजी स्कूल बस की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

गांव मटौर में निजी स्कूल बस की चपेट में आने से जिला जींद के गांव थुआ गांव निवासी 37 वर्षीय युवक रमेश की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब युवक अपने साथी सुरेश के साथ ढूंढवा में मजदूरी के लिए जा रहा था। मृतक रमेश अविवाहित है। मृतक के भाई अजमेर ने बताया कि इस दौरान मटौर के पुल के पास निजी स्कूल बस चालक ने लापरवाही का से मोटर साइकिल सवार दोनों युवकों को पीछे से टक्कर मारते हुए अपनी चपेट में ले लिया। इसमें रमेश की मौके पर मौत हो गई। जबकि सुरेश बुरी तरह से जख्मी हो गया। उसे उपचार के लिए कैथल के सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। परिजनों ने बस चालक पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि हादसा होने के बाद भी चालक ने ब्रेक नहीं लगाए और न ही घायलों की मदद की। उधर, निजी स्कूल के परिचालक राजेंद्र ने बताया कि अचानक मोटर साइकिल का टायर फिसलने से हादसा हुआ। जबकि मृतक व घायलों के परिजनों ने बताया कि मोटर साइकिल का टायर नहीं फिसला। स्कूल बस चालक ने के कारण पीछे से टक्कर मार दी।

## रिटायर्ड कर्मचारियों का प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

- आठवें वेतन आयोग का लाभ पेंशनर्स को देने की मांग

आल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर्स फैडरेशन के आह्वान पर मंगलवार को रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला कमेटी ने उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया और लघु सचिवालय के निकट धरना दिया। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान विक्रम सिंह ने व संचालन जिला सचिव राजकुमार श्योकंद ने किया।

धरने को संबोधित करते हुए जिला प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि गत 25 मार्च 2025 को संसद में जो वित्त विधेयक पारित किया गया है, इसको लेकर रिटायर्ड कर्मचारियों और अधिकारियों में बहुत अधिक रोष है। क्योंकि यह विधेयक रिटायर्ड कर्मचारियों व अधिकारियों को आठवें वेतन आयोग के लाभों से वंचित करता है। मंगलवार को उस विधेयक के विरोध में आल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर्स फैडरेशन के आह्वान पर पूरे देश में जिला स्तरीय धरने, प्रदर्शन किए जा रहे हैं। धरने को राज्य कमेटी की ओर से ओमप्रकाश सैनी, कर्मवीर सिंह संधू, इंद्र सिंह, सतबीर सिंह ने संबोधित किया। धरने में रिटायर्ड कर्मचारियों ने मांग की कि बढ़ती आयु के साथ पैंशन बढ़ोत्तरी की जाए। कम्यूटेशन की वसूली 15 साल की बजाय 10 बरस छह मास में पूरी की जाए। मेडिकल भत्ता तीन हजार रुपये मासिक किया जाए। कैशलैस चिकित्सा सुविधा लागू करना, फैमिली पैंशनर्ज को एलटीसी सुविधा प्रदान करना व पुरानी पैंशन नीति बहाल की जाए। धरने के बाद उपायुक्त कार्यालय के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर बलजीत सिंह, रामप्यारी, ईश्वर ठाकुर,दरिया सिंह, बलवान सिंह, आजाद पांचाल बलबीर, सिंह, बोहती देवी ने भी संबोधित किया। धरने का समर्थन करने के लिए किताब सिंह भनवाला के नेतृत्व में हरियाणा पैंशनर्ज कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन के सदस्य भी मौजूद रहे।



**जींद।** बैठक करते निजी स्कूल सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

#### जींद में आज बंद रहेंगे प्राइवेट स्कूल

**जींद।** जींद प्राइवेट स्कूल संघ ने गुरू की हत्या के विरोध में 16 जुलाई को जींद जिले के सभी प्राइवेट स्कूल बंद रखने का फैसला लिया है। मंगलवार को हुई संघ की बैठक में वजीर ढांडा, दलशेर लोहान, पुरुषोत्तम शर्मा, राजेश कुमार, राजेश शास्त्री, सुनील खोखर, सतीश मलिक, विनोद मलिक, कप्तान सिंह, दिलबाग अहलावत, सुधीर रेढू, महेंद्र लोहान, अनिल दूहन, सुखबीर लोहान, अनिल वत्स, प्रमोद शर्मा आदि ने भाग लिया। प्रधान पुरूषोत्तम शर्मा ने बताया कि 16 जुलाई को डीसी को ज्ञापन दिया जाएगा और रोष स्वरूप स्कूलों को बंद रखा जाएगा।

### नोटिस देने गए एसपीओ से हाथापाई, पांच गिरफ्तार

**जींद।** गांव संडील में पंचायती जमीन पर कब्जे की शिकायत पर नोटिस देने पहुंचे पुलिसकर्मियों के साथ कुछ लोगों ने गाली गलौज करते हुए हाथापाई की। अलेवा थाना पुलिस ने एएसआई की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, हाथापाई करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितो से पूछताछ कर रही है। अलेवा थाना के एएसआई ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव संडील की पंचायत ने जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत दी थी। वह तीन एसपीओ तथा तीन होमगार्ड जवानों के साथ गाड़ी से गांव संडील पहुंचा था। उसी दौरान एसपीओ ने निर्माण कर रहे लोगों को नोटिस देकर थाने आने के लिए कहा। जिस पर निर्माण कर रहे लोग भड़क उठे और एसपीओ के साथ गाली गलौज करते हुए हाथापाई शुरू कर दी।

## मंहगे दामों पर लोग बाहर से खरीद रहे कागजात

# अलेवा तहसील में दो महीने से कागज खत्म

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा**

अलेवा तहसील में फर्द व अन्य कार्यो के लिए कागजात नहीं मिलने के चलते लोगों ने जिला प्रशासन के खिलाफ रोष जताया है। तहसील में काम कराने पहुंचे नगूरां निवासी परमल, जगबीर तथा शाहपुर निवासी सज्जन सिंह ने बताया कि उनको अलेवा तहसील में फर्द आदि लेने के लिए कागजात की जरूरत पड़ती है लेकिन करीब दो महिने से तहसील में एक फर्द के लिए भी कागजात नहीं है। जिसके कारण उनको बाहर बनी दुकानों से मंहगे दामों पर कागजात आदि खरीदने पड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि विडबंना देखिए कि जब विभाग द्वारा फर्द निकालने के पूरे रुपये लिए जाते हैं तो फिर लोगों को एक साधे कागजात के लिए कर्मचारियों द्वारा बाहर बनी दुकानों का रूख क्यों करवाया जाता है। इसके लिए अनेक बार संबंधित विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को अवगत करवा चुके हैं लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जिसके कारण तहसील में काम कराने पहुंचे लोगों को मानसिक तथा आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने जिला प्रशासन के आलाधिकारियों से अलेवा तहसील में कागजातों की कमी को पूरा करने की मांग की है ताकि लोगों को अपने कामों के लिए बाहर बनी दुकानों से मंहगे दामों पर कागजात आदि नहीं खरीदने पड़े। मामले को लेकर अलेवा तहसील के रजिस्ट्री क्लर्क नरेंद्र मोर ने बताया कि करीब दो महीने से फर्द आदि लिए कागजातों की कमी है।



अलेवा तहसील कार्यालय में मंहगे दामों पर लिए कागजातों को दिखाते लोग।

#### कागजातों की कमी

नायब तहसीलदार हरीश चंद्र ने बताया कि कागजातों से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिली। जनता की सुविधा के लिए उनके पास किसी प्रकार की कागजातों की कमी नहीं है। हालांकि विभाग से करीब दो महीने से कागजात नहीं मिले हैं, लेकिन अपने स्तर पर लोगों का काम चलाया जा रहा है।

### गाड़ी का शीशा तोड़कर 2.10 लाख की नकदी-आभूषण चोरी

**जींद।** मॉल के सामने रानी तालाब पर खड़ी गाड़ी का अज्ञात व्यक्ति ने शीशा तोड़ कर दो लाख 10 हजार रुपये की नगदी, सोना चांदी के जेवरात वाला बैग चोरी कर लिया। घटना वहां लगे सीसी टीवी कैमरे मे कैद हो गई। शहर थाना पुलिस ने गाड़ी मालिक के रिश्तेदार की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विश्वकर्मा कालोनी निवासी सलीम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका साला टोहाना निवासी अजय अपनी नव नवेली दुल्हन के साथ घूमने के लिए उसके पास जींद आया हुआ था। दोपहर को उन्होंने अपनी गाड़ी मॉल के सामने सड़क के साथ खड़ी कर रानी तालाब में बोटिंग करने लगे। उसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने गाड़ी के पीछे वाले शीशे को तोड़ कर महिला पर्स को चोरी कर लिया।




# रंगीन में दिखेगी धोखे और बदले की कहानी, जारी हुआ पहला पोस्टर

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर विनीत कुमार सिंह की अदाकारी वाली 'रंगीन' नाम की एक नई वेब सीरीज आ रही है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए प्लेटफॉर्म ने कैप्शन में लिखा है 'असली आंखें असली झूठ को महसूस कर लेती हैं।' 'अपनी पत्नी के विश्वासघात का पता चलने के बाद, एक सीधा-सादा पति बदला लेने के लिए अंतरंगता की दुनिया में जाता है। अपनी समझ से परे और अनजान, वह ऐसे अनुभवों से गुजरता है जिनमें वह खुद की खोज करता है।' इस सीरीज के नौ एपिसोड हैं जो 25 जुलाई से देखे जा सकते हैं। इससे पहले विनीत कुमार सिंह फिल्म 'छावा' में नजर आए थे।

## लाइफ Style

# प्रीति

## पुरुष एक्टर्स की मांग पर नहीं उठता सवाल

एजेंसी ▸▸ मुंबई

हाल ही में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शूटिंग शिफ्ट की मांग को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में बहस छिड़ गई है। इस मामले पर कई सेलेब्स ने अपने विचार साझा किए हैं। ऐसे में इस मामले पर अभिनेत्री और बिजनेसवुमन प्रीति झंगियानी ने दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शिफ्ट की मांग का समर्थन किया है।

आपको बता दें दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट में काम करने के दौरान छह से आठ घंटे की ही शूटिंग करने की डिमांड रखी थी। इसकी वजह यह थी कि वह अपनी बेटी दुआ को भी समय देना चाहती थीं। उनकी इस मांग के बाद उन्हें फिल्म स्पिरिट से रिप्लेस कर दिया गया। उनकी जगह तृप्ति डिमरी को लिया गया। संदीप रेड्डी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट भी की थी, जिसमें दीपिका को भला-बुरा कहा था। इसके बाद इस मामले पर कई सेलेब्स की प्रतिक्रिया आई। प्रीति झंगियानी ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि आठ घंटे की शिफ्ट की मांग करना कुछ गलत है। खासकर जब कोई नई मां हो, तब तो यह एक बहुत ही जायज और समझदारी भरी मांग है। आठ घंटे की शिफ्ट दुनिया भर में स्टैंडर्ड मानी जाती है। मैं खुद एक्ट्रेस हूं और मैंने 13 से 14 घंटे तक की शिफ्ट्स की हैं। हमें फिल्म के लिए अपना सौ प्रतिशत देना होता है, यह हम जानते हैं। लेकिन जब पुरुष एक्टर्स छह बजे के बाद शूटिंग नहीं करते या समय से पहले पैकअप मांगते हैं, तो उस पर कोई सवाल नहीं उठता। फिर जब कोई महिला, खासकर एक्ट्रेस, अपने लिए एक सीमित वर्किंग टाइम की बात करती है, तो क्यों इतनी चर्चा और बहस होती है?'



## हॉलीवुड मसाला

# स्ट्रीट फाइटर में निभाएंगे भूमिका...



**लॉस एंजिल्स।** अपने एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड फिल्म में अपनी एंट्री करने जा रहे हैं। लाइव-एक्शन फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। यह एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित फिल्म है। विद्युत इसमें धालसिम के किरदार में नजर आएंगे। असल जीवन में मार्शल आर्ट में माहिर विद्युत जामवाल के इस फिल्म में आने से अब उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। धालसिम का उनका किरदार एक चमत्कारी फायर ब्रीथिंग योगी है।




# हैरी पॉटर सीरीज का प्रोडक्शन शुरू, पहला लुक जारी...

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर टीवी सीरीज का प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। निर्माताओं ने अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। सोमवार को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एचबीओ मैक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभिनेता डोमिनिक मैक्लॉघलिन की पहली तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी। तस्वीर में अभिनेता खास ड्रेस में हैरी पॉटर जैसे दिख रहे हैं। पहले लुक में देखा जा सकता है कि अभिनेता ने अपने हाथ में एक क्लैपबोर्ड लिया हुआ है। डोमिनिक मैकलॉघिन के ऊपर अब बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि वह उस भूमिका को निभाने जा रहे हैं, जिसे अभिनेता डैनियल रैडक्लिफ ने निभाया और दर्शकों का दिल जीता। तस्वीर में डोमिनिक, हॉगवर्ट्स स्कूल की ड्रेस में खड़े नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने हैरी पॉटर का गोल चश्मा पहना है।



# ऋतिक के साथ डांस करती दिखीं तृप्ति

**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड में तृप्ति डिमरी चर्चा में हैं। जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगी। इसी फिल्म की चर्चा के बीच वह ऋतिक रोशन के साथ डांस करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर ऋतिक और तृप्ति के डांस का वीडियो वायल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें तृप्ति डिमरी और ऋतिक रोशन कमाल के डांस मूव्स कर रहे हैं। ऋतिक ने व्हाइट टी-शर्ट और जैकेट पहनी हैं, वहीं तृप्ति भी व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं। एक सीन में तृप्ति के साथ ऋतिक डांस करते हुए दिखते हैं। फिर अगले सीन में तृप्ति अकेली डांस करती हैं। यूजर्स और ऋतिक, तृप्ति के फैंस जब ये वीडियो देखा तो जमकर रिएक्शन भी दिए हैं। कई फैंस ने तो अटकलें भी लगा ली कि दोनों फिल्म कृष की अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।



# कबीर बहिया ने शेयर की कृति संग फोटो

**मुंबई।** कृति सेनन का नाम पिछले कुछ वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। अक्सर दोनों कई मौकों पर साथ भी देखे गए। लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को लेकर कुछ भी नहीं कहा। कृति कई इंटरव्यूज में खुद को सिंगल ही बताती रहीं। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक करने की सोच रहे हैं। क्योंकि, कबीर बहिया की हालिया स्टोरी तो कुछ ऐसा ही बयां करती है। भारत और इंग्लैंड के बीच इंग्लैंड के लॉड्र्स में खेले गए टेस्ट मैच के पांचवें दिन कई बॉलीवुड सेलेब्स भी मैच देखने पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेत्री कृति सेनन भी अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ इस मैच का लुत्फ उठाते दिखीं। दोनों की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आईं।

## टीवी मसाला



# जेठालाल ने बिना डाइट-जिम के 45 दिनों में घटाया 16 किलो वजन

**नई दिल्ली।** दिलीप जोशी, जिन्हें फैंस जेठालाल के रोल में लंबे समय से चल रहे शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से फैंस पहचानते हैं, जिसे फाफड़ा और जलेबी जैसे ऑयली स्नैक्स से खूब प्यार है। लेकिन, हाल ही में उन्होंने अपने वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन से फैंस को हैरान कर दिया है। दरअसल, 57 वर्षीय एक्टर ने 16 किलो वजन केवल 45 दिनों में घटाया है। जबकि, हैरानी की बात यह है कि इसके लिए उन्होंने एक्सट्रीम डाइट या जिम में पसीना नहीं बहाया है। जबकि, सिंपल और ओल्ड स्कूल नियमों से वजन घटाया है। दिलीप जोशी ने अपनी सिंपल फिटनेस दिनचर्या को पूरी तरह से दौड़ने पर केंद्रित रखा। उन्हें प्रेरणा 1992 की गुजराती फिल्म 'हुन हुंशी हुंशीलाल' में एक वैज्ञानिक की भूमिका से मिली, जिसमें उन्होंने उस भूमिका को निभाया था। इस रोल को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए, उन्हें अपना वजन कम करना पड़ा था। इसी वजह से उन्होंने रोजाना 45 मिनट दौड़ने का फैसला किया, जो जल्द ही उनकी ज़िंदगी बदल देने वाली आदत बन गई। इसी रुटीन की बदौलत डेढ महीने में 16 किलो वजन घटाया वो भी बिना किसी ट्रेनर, स्पेशल डाइट और सप्लिमेंट्स के।

## इन सीरियल्स के जरिए मशहूर हुईं दीपिका

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ ने टीवी पर कई सीरियल किए हैं, मगर उन्हें पहचान सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए मिली। अब दीपिका कक्कड़ के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो इन दिनों हेल्थ



इश्यूज के कारण वह काम नहीं कर पा रही हैं। सीरियल्स में नजर नहीं आ रही हैं। मगर वह यूट्यूब पर अपना लाइफस्टाइल व्लॉग चैनल चलाती हैं। इस व्लॉग में अपनी जिंदगी की हर छोटी-बड़ी बात को साझा करती हैं। अपनी हेल्थ प्रॉब्लम को भी इसी प्लेटफॉर्म के जरिए दीपिका कक्कड़ ने फैंस के साथ साझा किया था। एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लीवर कैंसर की सर्जरी हुई। वह इस सर्जरी के बाद ठीक हो ही रही हैं, इसी बीच ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ा एक टेस्ट भी करवाया है। दीपिका कक्कड़ कहती हैं, 'मेरी लीवर कैंसर की सर्जरी को लगभग डेढ़ महीना हो गया है। हां, हमने मैमोग्राफी भी की थी, क्योंकि लिम्फ नोड्स थे, तब डॉ. श्वेता ने कहा था कि सेफ्टी के लिए हमें इस टेस्ट को तीन महीने में दोबारा करवाना चाहिए।

# ओटीटी पर इस हफ्ते धमाल मचाएंगी हॉरर-कॉमेडी से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते सिनेमा के तीसरे पर्दे ओटीटी पर ढेरों फिल्में और सीरीज होती हैं। इस कड़ी में इस हफ्ते भी ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज होने जा रही है। जुलाई का आधा महीना खत्म हो चुका है और अब अगले आधे महीने में बड़ी-बड़ी फिल्में भी सिनेमाघरों में रिलीज होंगी, जिसमें अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 भी शामिल हैं। लेकिन, इससे पहले बात करेंगे इस हफ्ते ओटीटी पर धमाल मचाने आ रहीं उन फिल्मों और सीरीज की, जिसका आप फैमिली संग लुत्फ उठा सकते हैं।

**द समर आई टर्न्ड प्रिटी :** अमेरिकी रोमांटिक टीवी सीरीज द समर आई टर्न्ड प्रिटी का तीसरा सीजन आगामी 16 जुलाई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रहा है। सीरीज की कहानी बेली और उसकी मां पर बेस्ड है, जिसमें जैकी चुंग, क्रिस्टोफर ब्रिनी, लोला तुंग और रेचल ब्लैंचर्ड जैसे स्टार नजर आएंगे।

**अनटैम्ड :** अगर आपको मर्डर मिस्ट्री फिल्में और सीरीज पसंद हैं तो इस हफ्ते





आपके लिए अनटैम्ड बेहतर ऑप्शन है। यह 17 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी. योसेमाइट नेशनल पार्क पर बेस्ड यह अमेरिकी मर्डर मिस्ट्री सीरीज है, जिसमें एरिक बाना और सैम नील लीड रोल में हैं।

**स्पेशल ऑप्स 2 :** हिंदी ऑडियंस के लिए इस हफ्ते केके मेनन की मच अवेटेड सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज होने जा रही है। इसे आप 18 जुलाई को जियो हॉटस्टार भी देख सकते हैं। पहले यह सीरीज बीती 11 जुलाई को रिलीज होनी थी।

**कुबेर :** साउथ सिनेमा से धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म कुबेर अब थिएटर से उतकर ओटीटी पर आ रही है। बीती 20 जून को रिलीज हुई फिल्म कुबेर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 18 जुलाई को आ रही है।

**द भूतनी :** हॉरर-कॉमेडी फिल्मों के शौकीन के लिए फिल्म द भूतनी ओटीटी पर आने को तैयार है। संजय दत्त और मौनी रॉय स्टारर फिल्म द भूतनी को आप 18 जुलाई से जी5 पर देख सकते हैं।

# नई पारी शुरू करने जा रहीं श्वेता तिलोत्तमा के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मिर्जापुर' और फिल्म 'मसान' में बेहतरीन अदाकारी करने वाली अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब नई पारी शुरू करने के लिए तेयार हैं। वह जल्द ही प्रोडक्शन में डेब्यू करेंगी। वह अपनी पहली फीचर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' का प्रोडक्शन करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने 'पाताल लोक' की अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम के साथ हाथ मिलाया है। वैरायटी के मुताबिक फिल्म में विचित्र प्रेम कहानी दिखाई जाएगी और इसमें तिलोत्तमा शोम के साथ श्वेता त्रिपाठी भी होंगी। वैरायटी के मुताबिक श्वेता त्रिपाठी ने कहा 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए नहीं कि बतौर प्रोड्यूसर यह मेरी पहली फिल्म है बल्कि इसकी कहानी की वजह से।' उन्होंने आगे कहा 'प्रेम कहानियां बहुत ही ईमानदारी, खूबसूरती और सूक्ष्मता से बताई जानी चाहिए। चूंकि, इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम हैं, इसलिए यह और खास है। वह ना सिर्फ एक बेहतरीन





अभिनेत्री हैं बल्कि वह ऐसी इंसान हैं जिन पर मैं बहुत भरोसा करती हूं। लंबे समय से मैं चाहती थी कि हम साथ में काम करें। उनके बगैर मैं इस प्रोजेक्ट को शुरू नहीं कर सकती।' फिल्म में तिलोत्तमा शोम अहम किरदार निभाएंगी। इसका निर्देशन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर संजय नाग करेंगे।

## पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर छोड़ती है गहरी छाप

# ओम नमः शिवाय के सेट पर धीरज कुमार ने बैन कर दी थी सिगरेट

*नई दिल्ली। फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर धीरज कुमार अब नहीं रहे। उनका 79 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 15 जुलाई को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। ये कौन थे और इन्होंने किन फिल्मों और टीवी शोज को अमर बनाया, आइए जानते हैं। साथ ही पत्नी और बच्चों के बारे में बताते हैं।*



### खुद की शुरू की थी प्रोडक्शन कंपनी

धीरज कुमार का असल नाम धीरज कोचर था। वह एक भारतीय एक्टर, टीवी प्रोड्यूसर और डायरेक्टर थे। उन्होंने 1986 में क्रिएटिव आई लिमिटेड नाम की टीवी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की थी। उन्होंने कई बॉलीवुड और पंजाबी फिल्मों में काम किया था।

### टीवी शोज और फिल्में

धीरज कुमार का जन्म 1 अक्टूबर 1944 को हुआ था। इन्होंने 2003 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए घर संसार धारावाहिक में अमर का किरदार निभाया था। लेकिन, इसके पहले उन्होंने ओम नमः शिवाय, श्री गणेश, मिली, हमारी बहू तुलसी, मायका, जय मां वैष्णो, ये प्यार न होगा कम, गणेश लीला, नीम नीम शहद शहद, इश्क सुभान अल्लाह जैसे तमाम टीवी शोज को डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। धीरज कुमार ने बहारों फूल बरसाओ, हीरा पन्ना, रोटी कपड़ा और मकान, शिरडी के साईं बाबा, मांग भरो सजना, पुराना मंदिर, कर्म युद्ध, क्रांति, बेपनाह जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा वह फौजी, शेर पुत्तर, सेठी मुराद, चोरन नू मोर जैसी पंजाबी फिल्मों में दिखाई दिए थे।

### पत्नी और बच्चे

धीरज कुमार की शादी जूबी कोचर से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, बेटे का नाम सिद्धांत और बेटी का नाम सिमरन है। धीरज कुमार ने 1996 में आए ओम नमः शिवाय को बनाया था। उन्होंने बताया था कि इसके लिए उन्होंने 9 साल रिसर्च की थी। 1987 में ही उन्होंने इस शो बनाने के लिए शोध शुरू कर दिया था। कई नामी लेखकों के साथ मिलकर इसे तैयार किया था।



### 43 फिल्मों में किया था काम

धीरज कुमार ने 2008 में बताया था कि उन्होंने 43 फिल्मों में काम किया है। जिसमें से 19 पंजाबी हैं। उसमे उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 एनिमेशन फिल्में बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। पहली फिल्म में सालभर का वक्त लगेगा। अब उन्होंने बनाई या नहीं, इसकी जानकारी मौजूद नहीं।

### सेट पर बनाए थे सख्त नियम

धीरज कुमार ने बताया था वह और उनकी पत्नी ओम नमः शिवाय की प्रोड्यूसर थीं। जब वह सेट पर थे तो भगवान शिव के प्रति अपना सम्मान दिखाने के लिए सभी लोग कुछ नियम का पालन करते थे। वो लोग सात्विक भोजन करते थे और वहां स्मोकिंग बैन थी। धीरज कुमार ने बताया था कि वह जिस स्टूडियो में शूटिंग करते थे। वहां भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की थी। उनकी जगह कभी बदली नहीं गई। शूटिंग करने से पहले रोजाना उनके सामने पूजा करते और फिर काम शुरू करते थे।

### लिम्का बुक में दर्ज है नाम

मां वैष्णो देवी शो बनाने पर धीरज कुमार ने 2008 में एक इंटरव्यू में बताया था, ऐसे पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर गहरी छाप छोड़ती है। हमने 4500 घंटे का प्रोग्राम बनाया है, जिसमें से 700 घंटे तो सिर्फ मैथोलॉजिकल शोज पर ही बनाए हैं। हमारा नाम लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है।

## खबर संक्षेप

### गांव हंसु माजरा से ट्रांसफार्मर चोरी

**कैथल।** गांव हंसु माजरा से चोर एक ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। बिजली निगम गुहला के एसडीओ राहुल यादव ने आरोप लगाया है कि चोर 13 जुलाई को गांव हंसु माजरा के किसान प्रभु राम के खेत में लगा 16 केवीए का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। चुराए गए ट्रांसफार्मर की कीमत करीब 82800 बताई गई है। सहायक उप निरीक्षक भूपेंद्र ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पेड़ हमारे जीवन का आधार : एसडीएम

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। हमें पेड़ों से ही शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है यदि हम शुद्ध हवा और सुखमय व स्वस्थ जीवन जीना चाहते हैं तो वृक्षारोपण बेहद जरूरी है। एसडीएम जगदीश चंद्र ने लघु सचिवालय परिसर से सोमवार को हरी झंडी दिखाकर राजकीय स्कूलों के लिए 600 पौधे वितरण हेतु पहली खेप रवाना करते अपने विचार व्यक्त किए।

### उधम सिंह शहीदी दिवस पर होगा संस्कृतिक कार्यक्रम

**नरवाना।** आगामी 31 जुलाई को गांव बडनपुर में उधम सिंह के शहीदी दिवस पर हरियाणा के जाने माने कलाकारों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम व गांव के सरकारी विद्यालय स्टेडियम स्वर्ग आश्रम पंचायत पशु अस्पताल व सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण किया जाएगा। शहीद भगत सिंह इंकलाब मंच हरियाणा के प्रधान व पूर्व सरपंच डा0 जोगिन्द्र श्योकंद ने प्रैस के माध्यम से जानकारी दी।

### किसानों की भागीदारी हो सुनिश्चित : डा. गिरीश

जींद। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल की अध्यक्षता में हमेटी जींद में जिला स्तर पर एक बैंकर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी बैंक शाखा प्रबंधकों ने भाग लिया। बैठक में फसल बीमा योजना के तहत किसान क्रेडिट कार्ड संतृत्ति की प्रगति समीक्षा की गई और सभी बैंकों को आदेश दिए गए कि खरीफ सीजन के तहत ज्यादा से ज्यादा किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

### सोसायटी ने की बैठक को लेकर चर्चा

**जींद।** डा. बीआर अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी जींद की कार्यकारिणी की बैठक गुरु रविदास धर्मशाला में हुई। अध्यक्षता प्रधान राजेश पहलवान ने की। महासचिव रामचंद्र जेस्ट ने बताया कि सोसायटी की आमसभा की बैठक 20 जुलाई को होगी। आम सभा की इस बैठक में वित्तिय वर्ष 2024-25 का लेखा जोखा पेश किया जाएगा।

### गाड़ी से घर पर छोड़ने का झांसा दे महिला से दुष्कर्म

**जींद।** महिला को घर छोडने का झांसा दे अपने साथ ले जाने तथा दुष्कर्म करने पर शहर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ अपहरण करने, दुष्कर्म करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कैथल जिले की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह जींद में विवाहित है। गत सात जुलाई को वह अपने मायके जा रही थी।

### गंभीर बीमारी से पीड़ित को मिलेगी दिव्यांग पेंशन

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि सरकार द्वारा 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ित पात्र लोगों को दिव्यांग पेंशन उपलब्ध करवाने का फैसला लिया है। इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा वह हरियाणा का निवासी एवं आवेदन करते समय तीन वर्ष से हरियाणा में रह रहा हो। कहा है कि आवेदक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### ट्रैक्टर कब्जे में लेने पर दो नामजद

**जींद।** गांव निम्राबाद में ठेके पर लिए खेत की जुताई करने रोकने तथा ट्रैक्टर को जबरन कब्जे में रखने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विश्व कौशल दिवस पर लगाई जिला स्तरीय प्रदर्शनी

# युवा अपने कौशल में निखार लाकर छुएं सफलता के आयामः डॉ. मनोज

### सक्रिय भूमिका निभाकर पर्यावरण संरक्षण में विशेष योगदान देने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा युवा मामलों के तहत राजकीय आईटीआई कैथल में विश्व कौशल दिवस 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला कैथल की सभी राजकीय और प्राइवेट आईटीआई ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मनोज बांबू प्राचार्य डॉ भीमराव अंबेडकर कॉलेज जगदीशपुरा रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान अधीक्षक सोहनलाल द्वारा की गई। डा. बांबू ने कहा कि युवा अपने कौशल में निखार लाकर व कड़ी मेहनत के बल पर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते हुए अपने देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं उन्होंने युवाओं को प्रतिवर्ष एक पौधा एक युवा अभियान के तहत सक्रिय भूमिका निभाकर पर्यावरण संरक्षण में विशेष योगदान देने हेतु भी प्रेरित किया। विजेंद्र सिंह जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना कैथल ने युवाओं को योजना के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि कौशल विकास आज के समय में युवाओं को लक्ष्य प्राप्त करने, समुदाय का विकास करने एवं रोजगार प्राप्त करने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि युवा कौशल के बल पर ही आगे बढ सकते हैं। ऐस में युवाओं को चाहिए कि वे कौशल हासिल कर अपनी मंजिल को प्राप्त करें। कार्यक्रम में मंच का संचालन रणधीर डांढा द्वारा किया गया। इस अवसर पर शमशेर सिंह मलिक कार्यक्रम अधिकारी, सतीश सैनी युवा अधिकारी सीवन, अनिल ढुल, मीनाक्षी, रणधीर सिंह, नवीन कालिया, संदीप, इंदुबाला, विजेता, रिचा जांगड़ा, अनिल कुमारी, प्रमोद, संदीप, प्रवेश आदि अधिकारीयों व कर्मचारियों ने भाग लिया तथा लगभग 200 छात्र/छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थिति रही और सभी ने अपनी- अपनी प्रतिभा का प्रदर्शनी के माध्यम से सफल प्रदर्शन किया।


**कैथल।** विश्व कौशल दिवस पर लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन करते अधिकारी।



**कैथल।** प्रदर्शनी में अव्वल टीम को सम्मानित करते अधिकारी।

#### यूं रहे परिणाम

जिला स्तरीय कौशल प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में आईटीआई कैथल के छात्र जतिन ने प्रथम स्थान, आईटीआई पुंडरी के छात्र मोहित ने द्वितीय स्थान, और आईटीआई कैथल की छात्रा काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए अपने कौशल को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में विजेता छात्र-छात्राओं को 1100/- 750/- व 500 के नकद/ चैक अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एनआईआई एल एम विवि कैथल में सेंटर फॉर प्रोफेशनल डिवेलपमेंट एवं इकोनॉमिक्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में /"सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड एनर्जी सिक्योरिटी-एन इंट्रडिसीप्लिनरी अप्रोच/" विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आए अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करकी। डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर आरके गुप्ता ने आए अतिथियों के सम्मान में अपना स्वागत संबोधन दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर आर.सी. कुहाड़, पूर्व कुलपति, केंद्रीय विवि हरियाणा, ने शिरकत की। मुख्य संबोधन में उन्होंने कहा कि आज के समय में, सतत विकास और ऊर्जा सुरक्षा दो ऐसे महत्वपूर्ण विषय हैं जो हमारे भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सतत विकास का अर्थ है कि हम वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करते भी भविष्य की पीढ़ियों के लिए संसाधनों का संरक्षण करें। ऊर्जा सुरक्षा का अर्थ है कि हम अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विश्वसनीय और टिकाऊ स्त्रोतों पर निर्भर हों।सतत विकास और ऊर्जा सुरक्षा को प्राप्त करने के लिए हमें एक अंतरविषयक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।



एनआईआईएलएम विवि के कुलपति प्रो.डॉ शमीम अहमद अधिकारियों के साथ।


**सफीदों।** जन्मदिन पर पौधारोपण करते जसबीर देशवाल। फोटो :हरिभूमि

### पर्यावरण संरक्षण के लिए 7500 पौधे लगाए

**सफीदों।** पूर्व विधायक जसबीर देशवाल ने अपने 75वें जन्मदिन के अवसर पर खेड़ाखेमावती गांव में त्रिवेणी (पीपल, बरगद और नीम) का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का एक प्रेरणादायक संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रजातियों के 7500 पौधे धरती को समर्पित किए और पूर्व विधायक के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। जसबीर देशवाल ने कहा कि त्रिवेणी के वृक्ष भारतीय संस्कृति में पवित्र माने जाते हैं और इनका औषधीय व धार्मिक महत्व भी अत्यंत उच्च है। त्रिवेणी पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है और हमारी भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और हरा-भरा भविष्य सुनिश्चित करने का संदेश भी देता है। हमें अपने पर्यावरण का विशेष ध्यान रखना चाहिए और अधिक से अधिक पेड़ व पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने चिंता जताते हुए बताया कि वर्तमान में पेड़ों की संख्या दिन प्रतिदिन कम हो रही है। जिसके कारण लोगों को शुद्ध हवा में सांस लेने में कठिनाई हो रही है।

### मुख्यमंत्री को किसानों की स्थिति से करवाया अवगत

**पूंडरी।** भाजपा किसान मोर्चा पूंडरी के मंडल अध्यक्ष डॉ. बलविंदर मैहला ने चंडीगढ़ स्थित हरियाणा मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने पूंडरी हलके की कृषि एवं किसान संबंधी स्थिति की विस्तृत जानकारी मुख्यमंत्री को दी।मुख्यमंत्री सैनी ने स्वयं पूंडरी हलके की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए विशेष रूप से धान की रोपाई और वर्षा की स्थिति के बारे में पूछा। डॉ. बलविंदर ने उन्हें अवगत कराया कि इस बार पूंडरी क्षेत्र में सामान्य और समय पर वर्षा हुई है, जिससे धान की रोपाई में किसानों को अच्छी मदद मिली है। क्षेत्र में खाद की उपलब्धता भी पर्याप्त मात्रा में है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही।डॉ. बलविंदर ने कहा कि मुख्यमंत्री किसानों के प्रति संवेदनशीलता रखते हैं और उनकी हर समस्या को गंभीरता से सुनते हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वे क्षेत्र के किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान हितैषी योजनाओं के बारे में जागरूक करें ताकि अधिक से अधिक किसान इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

### पौधरोपण कार्यक्रम का किया आयोजन

**पूंडरी।** गांव बुची में युवाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण और मातृ श्रद्धा को समर्पित अभियान एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवाओं ने भावनात्मक जुड़ाव के साथ पौधे लगाए और मातृ प्रेम को प्रकृति से जोड़ते अनोखा संदेश दिया। कार्यक्रम में विजय कुमार ने विचार व्यक्त करते कहा कि माँ एक ऐसा शब्द जिसमें पूरी सृष्टि समा जाती है। और पेड़ वो भी तो धरती की माँ जैसे ही होते हैं। अगर उन्हें अपनी माँ के नाम एक पेड़ लगाना हो, तो वे नीम का पेड़ लगाना चाहेंगे जो थोड़ी सी कड़वी बात करता है, पर हर बात में दवा होती है। उन्होंने पीपल और अमरूद जैसे पेड़ों का भी उल्लेख किया जो निःस्वार्थ रूप से छांव और फल देते हैं, ठीक वैसे ही जैसे माँ जीवन भर अपने बच्चों को आशीर्वाद और प्रेम देती है।


**पूंडरी।** गांव बुच्ची में पौधारोपण करते हुए युवा। फोटो :हरिभूमि


**कैथल।** ट्रैफिक नियमों के बारे जागरूक करते एसएचओ ट्रैफिक।

### यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**कैथल।** सड़क सुरक्षा विषय के तहत एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार आमजन सहित युवाओं को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए मंगलवार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चीका में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें यातायात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेश कुमार, सुखचैन सिंह एडवोकेट, गुरदित सिंह पीएलवी लीगन टीम द्वारा आईटीआई स्टाफ को यातायात नियमों की पालना करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना व दुर्घटनाओं में कमी लाना है। ट्रैफिक नियमों की आवश्यकता, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, तेज गति और मोबाइल के उपयोग से होने वाले खतरों पर विस्तार से जानकारी दी। बताया कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं, जिन्हें थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता से रोका जा सकता है। बहुत सारे आईटीआई के विद्यार्थी दोपहिया पर तीहरी सवार व बिना हेलमेट के चलते है। कहा कि चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी व दुसरों की जान माल की सुरक्षा के लिए नियमों की पालना करनी चाहिए।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम

**उचाना।** नशा मुक्ति टीम इंचार्ज उपनिरीक्षक नरेश कुमार एवं उनकी टीम द्वारा नशे के दुष्परिणामों के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौदा में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर विद्यालय प्रिंसिपल वीरेंद्र सिंह एवं समस्त स्कूल स्टाफ एवं पुलिस टीम उपस्थित रही। नरेश कुमार ने छात्र, छात्राओं को नशे के कुप्रभावए स्वास्थ्य पर पडने वाले दुष्परिणाम तथा नशे से बचने के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज को विनाश की ओर ले जाता है। इससे ना केवल स्वास्थ्य खराब होता है बल्कि सामाजिक व आर्थिक स्थिति भी बिगड़ती है। युवा वर्ग को इससे दूर रहकर पढ़ाई और खेलकूद में ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र व छात्राओं एवं स्टाफ को नशा न करने व समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई गई।


**उचाना।** नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम।


**जींद।** कैडेट्स को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सर्वोत्तम पुरस्कार का विजेता बना विनित

**जींद।** 15 एचआर बटालियन एनसीसी जींद की तरफ से एमएच अंबाला में एक से 12 जुलाई तक फस्टएड कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में कंमाडिंग ऑफिसर जेएस डोडी द्वारा आधारशिला के दो विद्यार्थियों का चयन किया गया। इनमें एल/सीपीएल अंशु एव विनित ने भाग लिया। दोनों विद्यार्थियों ने पूरी कर्मठता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। विनित ने कुल मिलाकर सर्वोत्तम पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी की लहर है। प्रशिक्षक जगमेहर सिंह व सोनू रेढू का भी महत्वपूर्ण योगदान है जो विद्यालय में एनसीसी के संचालक है। छात्र की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य व निदेशका ने बधाई दी और उसको सम्मानित किया। निदेशिका अंजू सिहाग ने बताया कि एनसीसी एक स्वैच्छिक संगठन है, जो विद्याली स्तर पर छात्रों को सैन्य प्रशिक्षण प्रदान कर उनमे अनुशासन, देशभक्ति व नेतृत्व के गुणों का विकास करता है।


**कैथल।** पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर कार्यकर्ताओं के साथ।

### भाजपा में हर कार्यकर्ता को पूरा मान सम्मान : गुर्जर

**कैथल।** भाजपा के पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार कंवरपाल गुर्जर का भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल, कैथल में गरिमामय स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती ज्योति सैनी व पानीपत जिला प्रभारी अशोक गुर्जर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी राजनैतिक पार्टी है जो राष्ट्रवाद, संगठनात्मक अनुशासन और विकास को प्राथमिकता देती है। पार्टी का मूल उद्देश्य 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के सिद्धांत पर आधारित है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है जहां हर स्तर का कार्यकर्ता समान रूप से सम्मानित होता है और योगदान करता है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और सेवा भावना ही भाजपा की असली ताकत है। उन्होंने नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को भी हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## महिलाओं को दिया पेयजल जांच का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुचाने के लिए समय-समय पर पेयजल की जांच जरूरी है ताकि हर व्यक्ति स्वस्थ रहे। इसी को लेकर जिला लैब कैमिस्ट विरेंद्र सिंह ने पेयजल के सैंपल लिये व क्लोरिनेशन चैक की। उन्होंने दोनों जलघरों से कैमिकल व बैक्ट्रोलोजिकल टैस्ट के लिए पानी के सैंपल लिए और पेयजल में क्लोरिनेशन की जांच करते हुए कहा कि यह नियमित तौर पर की जानी चाहिए। पेयजल में क्लोरिनेशन आपूर्ति सें यह पता चल जाता है कि उपभोक्ता तक पानी शुद्ध पहुच रहा है की नही। यदि गली के अंतिम छोर पर पेयजल आपूर्ति में क्लोरिनेशन पाई जाती है तो पानी शुद्ध है और कहीं पर कोई लिकेज भी नही है। इसके बाद टीम ने गांव में घर-घर जाकर पेयजल आपूर्ति शुरू करवाकर पानी में क्लोरिनेशन की जांच की। मंगलवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपमंडल अभियंता नवीन कुमार मुंडे ने सींसर व सींगवाल जलघर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विभाग हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए सभी घरों में क्लोरिनेशन युक्त पानी की सप्लाई की जाती है। गांव में कमचारियों द्वारा पेयजल पाइप लाइन का निरीक्षण किया जाता है ताकि किसी प्रकार की लिकेज होने पर उसे तुरंत ठीक करवाया जा सकें। जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि जींद जिला के सभी गांव में पांच- पांच महिलाओं को एफ्टीके किट से पेयजल जांच का प्रशिक्षण दिया गया हैं। इससे महिलाएं खुद पेयजल की जांच कर सकती हैं। इसके साथ ही सभी ब्लाक में खंड समन्वयक द्वारा आंगनवाडी वर्कर, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्य को ओटी टैस्ट किट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे पेयजल में क्लोरिनेशन की जांच कर सकें।




**जींद।** बच्चों को पौधे वितरित करते समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आह्वान

**जींद।** युवा विकास समिति जींद के साप्ताहिक पौधारोपण अभियान के दूसरे दिन गोविंदपुरा के प्राइमरी स्कूल में पौधे लगाए गए और कुछ पौधे बच्चों को वितरित किए गए। स्कूल की प्राचार्या नीलम खटकड़ ने कहा कि युवा विकास समिति जींद बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। हर वर्ष बरसात के मौसम में पेड़ पौधे लगाते हैं। क्योंकि हमें पर्यावरण को बचाना है तो पेड़ पौधे जरूर लगाने होंगे। पौधों से हमें विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटियां प्राप्त होती हैं। बरसात को लाने में पेड़ पौधे सहायक होते हैं। इसलिए हर युवा को अपने जन्मदिन के अवसर पर पेड़ पौधे अवश्य लगाने चाहिए। समिति प्रधान प्रदीप रेढू ने बताया कि कोरोना महामारी में ऑक्सीजन की बहुत कमी हो गई थी। इसलिए हमें बरसात के मौसम में पेड़ पौधे ज्यादा से ज्यादा लगाने चाहिए ताकि कोई भी महामारी आ जाए तो ऑक्सीजन की कमी नहीं रहे। संयोजक प्रवीण सैनी व महासचिव विनोद शर्मा ने कहा कि समिति साप्ताहिक पौधारोपण अभियान में ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगा कर और युवाओं को भी जागरूक करेगी कि इस मौसम में ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने चाहिए।

### कार्य में लापरवाही बरतने वाले ग्राम सचिव को नोटिस जारी

# नहीं होने दिया जाए कोई भी अवैध कब्जाः एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि ग्राम सचिव यदि ग्रामीण क्षेत्र में धरातल पर कार्य जिम्मेदारी से करेंगे तो वे गांव के विकास करके जिला, प्रदेश व देश के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सभी ग्राम सचिवों को कहा कि वे हरियाणा पंचायती राज एक्ट 1994 के सेक्शन 15 में दर्शायी गई डयूटी को अवश्य पढ़े तथा उसी के अनुसार ही कार्य करें। कार्य में लापरवाही बरतने वाले अजीमगढ़ के ग्राम सचिव को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में खंड गुहला के सभी ग्राम सचिवों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह गांव में चल रहे विकास कार्यों व अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्रशासन के संज्ञान में लाएं। पंचायत के अकाउंट को अपडेट करना, ग्राम पंचायत रेजुलेशन, ग्राम सभा का आयोजन करवाना, ऑडिट पैरा की रिपोर्ट बीडीपीओ कार्यालय में जमा करवाना, कैशबुक अपडेट रखना आदि कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में पंचायती भूमि पर कोई भी अवैध कब्जा न होने दें। यदि कहीं इस प्रकार की जानकारी मिलती है तो यह अपने उच्चाधिकारियों के संज्ञान में जरूर लाएं। यह जानकारी बीडीपीओ को भेजी जाए और बीडीपीओ सरपंच के माध्यम से अवैध कब्जे को हटाने कार्य किया जाएगा। यदि इसके बावजूद भी अवैध कब्जा नहीं हटाया जाता है तो संबंधित सरपंच के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। ग्राम पंचायतों के रिसोर्स का गलत प्रयोग न हो। ग्राम सचिव प्रशासन के आंख व कान होते हैं, इसलिए सूचनाओं का आदान-प्रदान प्रो-एक्टिव तरीके से किया जाए। सभी अपनी डयूटी को ईमानदारी, जिम्मेदारी व कर्तव्य निष्ठा से निभाएं। बिना भेदभाव के कार्य करें। सरपंचों के दबाव में आकर कोई भी गलत कार्य न करें। कोई भी ग्राम सचिव अपने कार्य में लापरवाही नहीं बरतें। यदि लापरवाही का कोई मामला संज्ञान में आएगा तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कोई भी रिपोर्ट या जानकारी है वह लिखित रूप में भिजवाई जाए।


एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ग्राम सचिवों की बैठक को संबोधित करते।


**जींद।** मीटिंग करते एसोसिएशन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसो की बैठक

**जींद।** रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसो की बैठक जाट धर्मशाला में प्रधान किताब सिंह भनवाला की अध्यक्षता में हुई। इसमें सर्वप्रथम सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल मलिक व स्मृति चौधरी आईपीएस के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट किया गया व दो मिंनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बैठक का एजेंडा महासचिव कुलदीप सिंह गोयत ने पेश किया। एजेंडे के सभी बिंदुओं पर प्रधान किताब सिंह भनवाला द्वारा विस्तार से प्रकाश डाला गया। एजेंडे के प्रमुख बिंदु 25 मार्च को संसद में पारित वित्त विधेयक जो कि रिटायर्ड कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग के लाभों से वंचित करने वाला है के बारे में विस्तार से बताया कि यह वित्त विधेयक रिटायर्ड कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग से होने वाले लाभों से वंचित करने वाला है। जिससे रिटायर्ड कर्मचारियों में भारी रोष है।

## खबर संक्षेप


बातचीत करते हुए भाजपा के जिला महामंत्री सुरेश संधू

### नायब सैनी का व्यक्तित्व जनता को जोड़ रहा

**पूंडरी।** भाजपा के जिला महामंत्री सुरेश संधू ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा में नवीन राजनीतिक संस्कृति का निर्माण कर रहे हैं, जहां संवाद, समाधान और समर्पण तीनों एक साथ दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों ने युवाओं को रोज?ार के अवसर, किसानों को सुरक्षा, और महिलाओं को सशक्तिकरण की राह दिखाई है। भरोसे की राजनीति ही भाजपा की पहचान है, और नायब सैनी जी उस भरोसे को हर दिन मजबूत कर रहे हैं।

### पहचान पत्र बनाने वाले से निशुल्क बनवाएं आधार कार्ड

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि नागरिक संसाधन सूचना विभाग (क्रीड) के कर्मचारी परिवार पहचान पत्र के साथ-साथ आधार कार्ड भी बनाते हैं। यह सुविधा नगर पालिका कैथल, बीडीपीओ कार्यालय कैथल, बीडीपीओ कार्यालय चीका, बीडीपीओ कार्यालय सीवन, नगर पालिका कलायत, नगर पालिका राजौंद, बीडीपीओ व नगर पालिका कार्यालय पूंडरी तथा तहसील कार्यालय ढांड में उपलब्ध है। यहां पर कोई भी नागरिक संबंधित दस्तावेजों के साथ निशुल्क अपना नया आधार कार्ड बनवा सकता है और पुराना अपडेट करवा सकता है।

### सडक हादसे में एक घायल

**कैथल।** गांव पिलनी में हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। पिलनी के संदीप कुमार ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि सिसमोर का सुनील जब 8 जुलाई को रात करीब 8:00 बजे गांव पिलनी के निकट से जा रहा था तो अज्ञात वाहन चालक ने उसे अपनी चपेट में लेकर घायल कर दिया। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर संजय ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू कर दी है।

### लूट की योजना बनाते तीन काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ टीम ने जींद-रोहतक रोड पर गुसाई खेड़ा बस अड्डा के निकअ लूट की योजना बनाते अवैध असलहा सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान गांव शामदो निवासी राजेश उर्फ राजा, गांव बीबीपुर निवासी अमित उर्फ बबला, गांव डूमरखां निवासी सोनू के रूप में हुई है। तीनों को पुलिस ने अदालत में पेश किया जहां से अदालत ने उन्हें जेल भेज दिया है। सीआईए स्टाफ जींद इंचार्ज उपनिरीक्षक आशीष ने बताया कि पुलिस टीम अपराधों की रोकथाम के लिए बस अड्डा गांव अनूपगढ़ मौजूद थी। मुख्य सिपाही जितेंद्र को सूचना मिली कि एक गाडी क्रेटा जो बिना नंबर प्लेट की है, जिसमे तीन व्यक्ति बैठे हुए हैं और उनके पास अवैध असलहा हैं और वो किसी बड़ी अपराधिक वारदात या कोई लूट, डकैती को अंजाम दे सकते हैं। क्रेटा गाड़ी जब जींद-रोहतक रोड पर गुसाई खेड़ा बस अड्डा पर खड़ी है।

### राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से 14 करोड़ रुपये के बजट की मांग की

# क्रिटिकल केयर सेंटर की निर्माण प्रक्रिया हुई धीमी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

जिला नागरिक अस्पताल में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत क्रिटिकल केयर सेंटर के निर्माण के लिए मिट्टी के सैंपल भी पास हो चुके हैं। इसी रिपोर्ट भी करीब दो माह पहले ही आ चुकी थी। इसके बावजूद क्रिटिकल केयर के निर्माण की प्रक्रिया ढीली है। इसका निर्माण केंद्र सरकार की ओर से किया जाना है। इसके तहत राज्य सरकार ने केंद्र सरकार ने 14 करोड़ रुपये के बजट की मांग की है। हालांकि यह बजट भी तक केंद्र सरकार की ओर से जारी नहीं किया गया है। इस बजट के आने के बाद ही निर्माण की प्र क्रिया में आगे बात बन पाएगी। दरसअसल, इसकी घोषणा के बाद से इसके निर्माण की जगह पर भी बात नहीं बन पाई है। इससे पहले इसकी दो बार तो जगह बदली गई। पहले पुराना अस्पताल और फिर नया अस्पताल में जगह निर्धारित की गई। अब अंत में नए अस्पताल में इसके निर्माण की मंजूरी दी गई है।


**कैथल।** नागरिक अस्पताल कैथल

#### दूसरे जिले के लोगों को भी मिलेगा लाभ

*जिले में हादसे होने के बाद घायलों को तुरंत इलाज नहीं मिल पाता है। उन्हें दूसरे चंडीगढ़, पटियाला या रोहतक में रेफर करना पड़ता है। क्रिटिकल केयर सेंटर बनने के बाद घायल मरीजों को तुरंत इलाज मिलेगा। इस स्थिति में उनके जान बचेगी। किसी भी प्रकार का रिस्क नहीं होगा। इस सेंटर में अलग से डॉक्टरों की भी नियुक्ति की जाएगी। इसमें एनस्थिजिया, सर्जन और क्रिटिकल केयर सेंटर के विशेषज्ञ डॉक्टर भी नियुक्त किया जाएगा।*

#### मिट्टी के सैंपल लिए थे

सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने बताया कि क्रिटिकल केयर सेंटर का निर्माण आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत होना है। इसके निर्माण को लेकर मिट्टी के सैंपल लिए गए थे। इसकी रिपोर्ट भी सकारात्मक आई है। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से 14 करोड़ रुपये के बजट की मांग की गई है।

क्रिटिकल केयर के निर्माण के बाद रोहतक या चंडीगढ़ पीजीआई जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्रिटिकल केयर सेंटर के निर्माण होने के बाद यहां आईसीयू से अधिक सुविधाएं मिलेंगी। इसके बनने के बाद सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को जल्द इलाज मिलेगा। उन्हें चंडीगढ़ व रोहतक पीजीआई जाने की जरूरत नहीं होगी।

# बादली बलिदान दिवस को लेकर कौल में रोड समाज की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| ढांड


ढांड। जिप चेयरमैन कर्मबीर कौल ग्रामीणों को संबोधित करते हुए

कौल में 2 अगस्त को आयोजित होने वाले बादली बलिदान दिवस को लेकर रोड समाज की एक अहम बैठक का आयोजन कौल गांव में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद कैथल के अध्यक्ष कर्मबीर कौल ने की। बैठक में समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए कर्मबीर कौल ने कहा कि 2 अगस्त का दिन रोड समाज के इतिहास में विशेष महत्व रखता है। इस दिन समाज के वीर पूर्वजों के बलिदान को याद करते हुए प्रदेशभर से समाज के लोग एकजुट होंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बलिदान दिवस का आयोजन 152-डी हाईवे के समीप जैस्मीन पैलेस में बड़े स्तर पर किया जाएगा, जिसमें हरियाणा के कोने-कोने से रोड समाज के सदस्य शामिल होंगे। कर्मबीर कौल ने कहा कि समाज के गौरवशाली इतिहास को संरक्षित करने और नई पीढ़ी को जागरूक करने के उद्देश्य से कौल गांव में क्षत्रिय राजा रोड की प्रतिमा लगाने के लिए आपसी सहमति बनाई गई है, जिस पर जल्द काम शुरू किया जाएगा। बैठक में पूर्व विधायक मक्खन सिंह, पूर्व सरपंच शेर सिंह, पूर्व सरपंच गुलाब सिंह, सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढ़ती, मास्टर पवन कुमार, महावीर मैहला, जय सिंह प्रधान, बलवंत सिंह, शिश लाठर, कंवर सिंह आदि थे।

## ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मियों ने की बैठक

**जींद।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन ने प्रधान राकेश की अध्यक्षता में बैठक की। जबकि संचालन यूनिट सचिव संदीप गिल ने किया। बैठक को मुख्य वक्ता राज्य प्रधान सुरेश राठी ने संबोधित करते हुए ने बताया निगम मैनेजमेंट जबरदस्ती ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी लागू कर रही है। जिसको अभी लागू करने से तमाम कर्मचारियों को मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। जैसे कि बच्चों की पढ़ाई में दिक्कतें पैदा होगी और एएलएम, एलएम और फोरमैन को भी ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी में लाने जा रहे हैं। जिससे लाइन का ज्ञान नहीं होने के कारण हादसे ज्यादा होंगे। इसलिए निगम मैनेजमेंट से बार-बार बात करने का प्रयास किया जा रहा है। परंतु मैनेजमेंट एएलएम, एलएम और फोरमैन को अंधेरे में धकेलने की ओर ले कर जा रही है। इसलिए राज्य कमेटी में विशेष मीटिंग करके 29 जुलाई को पूरे प्रदेश में सब यूनिट स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और पालिसी की कोपियां जलाई जाएंगी। पांच अगस्त को यूनिट स्तर पर प्रदर्शन करके एसीएस पॉवर को एक्सईएन के माध्यम से मांग पत्र भेजा जाएगा। इस मौके पर सर्किल सचिव धर्मवीर, अनूप, मनदीप नेहरा, बलवान, राजबीर खटकड़, परमीत सहित अन्य बिजली निगम कर्मचारी मौजूद रहे।

### बेटी समाज का भविष्य संवारती हैं : डा. कीर्ति शर्मा

**राजौंद।** गांव करोड़ा में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कीर्ति शर्मा की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सदस्यों को बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान एस एम ओ डा. कीर्ति शर्मा ने बताया कि बेटी समाज का भविष्य संवारती हैं, उन्होंने बेटी की मैहतता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज बेटी किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं है। एस एम ओ ने बताया कि इस समय बेटी बेटों से ज्यादा परिवार गांव समाज का नाम रोशन करती है। किसी भी फील्ड में बेटियां बेटों से आज पीछे नहीं है। उन्होंने बताया कि अपने गांव में लड़कों की अपेक्षा लड़की बहुत कम पैदा हो रही है, जो की एक गंभीर समस्या है क्योंकि अगर बेटी नहीं होगी तो समाज का ताना-बाना बिगड़ जाएगा।

# इंस्पेक्टर सुरेंद्र ने आर्म रेसलिंग में जीता सिल्वर मेडल

- एसपी आस्था मोदी ने इंस्पेक्टर सुरेंद्र को दी बधाई व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल


**कैथल।** एसपी आस्था मोदी इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार को सम्मानित करते हुए

अमेरिका के बर्मिंघम शहर में 30 जून से 6 जुलाई 2025 तक आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार ने आर्म रेसलिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

इस प्रतियोगिता में दुनिया भर से पुलिस एवं फायर डिपार्टमेंट के अधिकारी भाग लेते हैं। इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार ने वॉलीबॉल खेल में भी हिस्सा लिया था जो उनकी टीम सेमीफाइनल मैच में ब्राजील से हार गई, परंतु उन्होने आर्म रेसलिंग में सिल्वर पदक हासिल किया। इस सफलता पर एसपी आस्था मोदी ने कार्यालय पुलिस अधीक्षक कैथल में इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार की यह उपलब्धि हरियाणा पुलिस के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने न केवल विभाग का, बल्कि पूरे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर ऊंचा किया है।

उनकी यह सफलता अन्य पुलिसकर्मियों और युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। एसपी ने कहा कि पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों के साथ-साथ खेलों में भी भागीदारी करनी चाहिए, जिससे उनमें शारीरिक व मानसिक सुदृढ़ता बनी रहे। इस दौरान इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार ने कहा कि यह मेडल उनके लिए गर्व का प्रतीक है और वे आगे भी देश के लिए श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास जारी रखेंगे। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपनी मेहनत, परिवार के सहयोग और विभाग की प्रेरणा को दिया।

### निपुण हरियाणा कार्यक्रम शिक्षकों को शैक्षणिक गतिविधियों पर फोक्स करने के आदेश

**उचाना।** खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पा रानी की अध्यक्षता में मासिक खंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई और सक्षम समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खंड के सभी संकुल मुखिया एबीआरसी और बीआरपी उपस्थित रहे। सक्षम सहयोगी 1 एवं खंड एफएलएन समन्वयक प्रवीण कुमार ने बैठक का संचालन किया। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। टीचरों को निर्धारित स्कूल निरीक्षण का लक्ष्य पूरा करना होगा। सभी विषयों का समान रूप से अवलोकन करना आवश्यक है। विभाग द्वारा भेजी गई क्यू कार्ड योजना के अनुसार शिक्षण कार्य करवाना होगा।

शिक्षकों को अपनी सर्वोत्तम शिक्षण विधियों को खंड स्तरीय बैठकों में सांझा करना होगा। प्रशिक्षक पोर्टल पर उपदेशकों के दौरे से जुड़ी समस्याओं और समाधान पर चर्चा की गई। शिक्षकों को शिक्षण योजनाएं बनानी होगी और डायरी का संधारण करना होगा। सभी विद्यालयों में पहेलियों के लिए विशेष स्थान बनाना होगा। गणित और विज्ञान विषय की शैक्षणिक सामग्री का उपयोग शिक्षण में करना अनिवार्य होगा। प्रिंट रिच प्रतियोगिता और दीक्षा एप पर ऑनलाइन कोर्स पूरा करने के निर्देश दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी को निरीक्षण के दौरान इन बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# विपक्ष के पास सरकार के खिलाफ बोलने को कोई ठोस मुद्दा नहीं हैः सतपाल जांबा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पूंडरी

हलका विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि हलके के सभी गांवों का समग्र और संतुलित विकास करवाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह बात अपने पूंडरी कार्यालय में हलके के विभिन्न गांवों से पहुंचे कार्यकर्ताओं से जन समस्याएं सुनते हुए कही। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर विधायक से मिलने पहुंचे, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर ही संबंधित विभागों को निर्देश देकर किया गया, जबकि शेष समस्याओं को जल्द हल कराने का आश्वासन दिया गया।विधायक जांबा ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार जनहित में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है। हर वर्ग चाहे किसान, मजदूर, युवा या महिला हो को ध्यान में रखते हुए योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि वर्तमान में विपक्ष के पास सरकार की आलोचना करने के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार ईमानदारी और प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पूरा आशीर्वाद प्राप्त है। जब भी वह मुख्यमंत्री के पास अपने हलके की किसी योजना या समस्या को लेकर जाते हैं, तो मुख्यमंत्री बिना किसी देरी के उस पर सकारात्मक कार्रवाई करते हैं।


पूंडरी में जनसमस्याएं सुनते हुए विधायक सतपाल जांबा।

# 19 को जुलाना में होने वाली विकास रैली को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उचाना


मीटिंग को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

गांव कसूहन के चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में भाजपा कार्यकर्ताओं की मीटिंग हुई। मीटिंग में 19 जुलाई को जुलाना हलके के नंदगढ़ गांव में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आगमन पर आयोजित विकास रैली के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रैली को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आह्वान भी किया। सीएम नायब सिंह सैनी भी इस जनसभा में पहुंचेंगे। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि नंदगढ़ में जींद की बेटी जो दिल्ली की सीएम बनी है वो पहुंच रही है। ऐसे में हम सबका फर्ज बनता है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर जींद की बेटी दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता का अभिनंदन करेंगे। सीएम नायब सिंह सैनी भी इस दिन सरकार द्वारा किए गए प्रदेश के हित के कामों के बारे में बताएंगे। ये कार्यक्रम भीड़ की दृष्टि से ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। इसको लेकर पूरे जींद जिले में उत्साह है। बैठक में जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह ढूल, जिला प्रभारी मदन गोयल, जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह रोहड, रिषिराज भार्गव, सतीशा देवी, कृष्ण पूनिया, भारत भूषण टांक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एससी मोर्चा, दीपक नंबरदार अलेवा मंडल अध्यक्ष आदि रहे।

# नपा के मनोनित पार्षद बनाने पर जताया विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का आभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उचाना


जींद। मनोनित पार्षद नरेश सौंगरी विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से मिलकर आभार प्रकट करते हुए।

नगर पालिका के मनोनित पार्षद बने वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश सौंगरी ने विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से अपनी टीम के साथ मिलकर उनका आभार प्रकट किया। नरेश सौंगरी ने कहा कि जो जिम्मेदारी मनोनित पार्षद नगर पालिका उचाना का बना कर सौंपी गई है वो उस पर खरा उतरने का पूरा काम करेंगे। विधायक ने कहा कि संगठन के लिए निष्ठा से काम करने वाले कार्यकताओं को निरंतर सम्मान पार्टी द्वारा दिया जा रहा है। कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य, मनोनित पार्षद मेहनती कार्यकर्ताओं को बनाया गया है। ऐसे ही संगठन द्वारा जो जिलास्तर की कार्यकारिणी बनाई है उसमें संगठन के लिए मेहनत करने वालों को पद दिए गए है। भविष्य में भी अनेकों कमेटियों के सदस्य बनाए जाने हैं जिनमें संगठन के लिए काम करने वालों को जगह दी जाएगी।

# मलेरिया, डेंगू से बचने का एक ही मंत्र, घर में हो सफाई निरंतर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

उप स्वास्थ्य केंद्र निर्जन की स्वास्थ्य टीम ने गांव निर्जन में घर-घर जाकर बुखार के पीड़ित मरीजों की ब्लड स्लाइड बनाई व मलेरिया, डेंगू से बचाव के तरीके बताए। स्वास्थ्यकर्मी प्रमोद कौशिक ने मलेरिया व डेंगू बुखार बारे समझाते हुए बताया कि डेंगू बुखार एडीज मच्छर के काटने से होता है।

यह मच्छर ज्यादातर दिन में काटता है। इस बुखार से संक्रमित व्यक्ति के हड्डियों में दर्द होता है ओर सिर दर्द, बुखार, दस्तए आंखों में दर्द जैसी समस्याएं हो जाती है। इसका प्रभाव दो से तीन दिन में दिखाई देता है। इसके कारण हमारे शरीर की श्वेत रक्त कणिकाएं कम हो जाती हैं। जिनकी कमी से हमारी जान भी जा सकती है। यह बीमारी अक्सर बारिश के मौसम में अधिक होती है। मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफ्लिज मच्छर के काटने से होता है।


बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूकता रैली निकालते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

इस बुखार में सर्दी व कम्पन के साथ तेज बुखार व इसके बाद गर्मी लगना ओर पसीने के साथ बुखार का उतरना, उल्टियां व सिर दर्द होना, बुखार हर रोज या एक दिन छोड़ कर या फिर तीसरे दिन आना, कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। स्वास्थ्य कर्मी रेखा शर्मा ने बताया कि बुखार आने पर तुरंत रक्त की जांच करवानी चाहिए व उचित इलाज लेना चाहिए।

# देवेंद्र चतरभुज अत्री जीत रहे हैं लोगों का दिलः सत्यनारायण मखंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उचाना



भाजपा नेता एवं आढ़ती एसोसिएशन पूर्व प्रधान सत्यनारायण मखंड ने कहा कि भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री लोगों का दिल जीत रहे हैं। निरंतर वो जनहित के काम कर रहे है। इस तरह का विधायक आज तक उचाना को नहीं मिला जो अपने विधायक को मिलने वाले मेहनत से जरूरतमंदों का सहारा बनते हुए उनको आर्थिक मदद करता हो। निरंतर जरूरतमंदों की मदद करने के साथ वो दूसरों को भी इस तरह के पुण्य कार्य करने के लिए प्रेरित करते है। आज विरोधी भी विधायक की मिलनसार छवि के कायल हो चुके है। जिस तरह से निरंतर उनकी लोकप्रियता का ग्रॉफ आमजन में बढ़ रहा है उससे विपक्ष के नेताओं की रातों की नींद उडने लगी है। उन्होंने कहा कि जो-जो वायदे विधायक ने चुनाव में किए थे उन वायदों को पूरा करने में वो लगे हुए है। सप्ताह में पांच दिन वो उचाना हलके में रहते है। सुबह से लेकर शाम तक निरंतर लोगों से मिलते है। उचाना हलके के विकास को लेकर निरंतर अधिकारियों से मीटिंग करते है। जिन समस्याओं का समाधान 40 साल से नहीं हो रहा था उन समस्याओं के समाधान करने में वो लगे हुए है।

## अनभिज्ञ युवा पीढ़ी को करवाया जा रहा हकीकत से रूबरू

# भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास का काला दौर था आपातकाल : ज्योति सैनी

- आपातकाल लगाए जाने के 50 वर्ष पूर्ण होने पर लगाई गई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल


**कैथल।** भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास का काला दौर था। इस दौरान लोगों को यातनाएं दी गई। आंदोलनकारियों को जेलों में डाल दिया गया था। 25 जून 1975 की रात में देश में आपातकाल की घोषणा करके लोकतंत्र की हत्या की गई थी। यह देशवासियों के लिए काफी दुखदायी था। विभिन्न आयोजनों एवं प्रदर्शन के माध्यम से आपातकाल से अनभिज्ञ युवा पीढ़ी को हकीकत से रूबरू करवाया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकतंत्र की मजबूती के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। ज्योति सैनी मंगलवार को लघु सचिवालय में आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर लगाई गई प्रदर्शनी के उद्घाटन एवं अवलोकन उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहीं थीं। इसके साथ ही एक प्रदर्शनी डा. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में लगाई गई है। प्रदर्शनी अवलोकन उपरांत उन्होंने कहा कि आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाना इस बात की याद दिलाता है कि जब भारत के संविधान में शामिल नागरिकों के अधिकारों को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था। यह उन लोगों को श्रद्धांजलि देने का भी समय है, जिन्होंने आपातकाल की ज्यादतियों के कारण पीड़ा झेली थी। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता को बचाने के लिए रातों-रात आपातकाल लगाया गया था।